Sep 2013

No. of Printed Pages : 3

3615

Register Number

Language – Part I – HINDI – Paper II

301213

Time Allowed : 3 Hours] [Maximum Marks : 80

सूचना : (1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न पत्र की जाँच करें। यदि स्वच्छता में कोई कमी नजर आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) उत्तर देने हेतु काला या नीला स्याही का ही प्रयोग कीजिए।

I. निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर लगभग **तीन सौ** शब्दों में निबन्ध लिखिए : **1x15=15**

1. खेलों का महत्व
2. प्रदूषण और पर्यावरण
3. प्रिय त्योहार
4. आधुनिक वैज्ञानिक चमत्कार

II. निम्नलिखित में से **किसी एक** कहानी का सारांश लगभग **तीन सौ** शब्दों में लिखिए : **1x15=15**

5. बड़े घर की बेटी
6. गंगासिंह
7. एक भिखारी का दान
8. अकेली

III. पत्र लेखन : **1x10=10**

9. अपने पुस्तकालय के लिए कुछ उपयोगी किताबें माँगते हुए किसी पुस्तक विक्रेता को एक पत्र लिखिए।

अथवा

10. अपने स्कूल के वार्षिकोत्सव का वर्णन करते हुए अपने मित्र के नाम पत्र लिखिए।

[Turn over

IV. 11. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5x2=10

एक बार महाराज शांतनु आखेट के लिए यमुना नदी के किनारे गए। वहाँ एक रूपवती कन्या को देखकर उनके मन में उससे विवाह करने की इच्छा जाग उठी। निषाद कन्या का नाम सत्यवती था। सत्यवती के पिता ने भी यह बात मान ली। किन्तु उसने एक शर्त रखी। शर्त यह थी कि उसकी कन्या का पुत्र शांतनु के राज्य का अधिकारी होगा। निषाद की शर्त सुनकर राजा बड़े असमंजस में पड़ गए। वे अपना उत्तराधिकारी देवव्रत को बना चुके थे। महाराज शांतनु की विकट स्थिति थी। यदि वे सत्यवती से विवाह करते हैं तो वे राजधर्म से हाथ धोते हैं। यदि राजधर्म का पालन करते हैं तो विवाह की उनकी इच्छा पूरी नहीं होती। पिता का दु:ख देवव्रत से नहीं देखा गया। वे मंत्री से पिता के दु:ख का कारण जानकर सीधे निषाद के पास गए। बोले – "आप अपनी कन्या का विवाह महाराज शांतनु से कर लीजिए। मैं राज्य से अपना अधिकार छोड़ता हूँ। आपकी कन्या का पुत्र ही महाराज शांतनु के बाद हस्तिनापुर का राजा होगा।"

प्रश्न :

(अ) शांतनु ने किससे विवाह करना चाहा?

(आ) महाराज किसको अपना उत्तराधिकारी बना चुके थे?

(इ) विवाह के लिए निषाद ने क्या शर्त रखी?

(ई) शांतनु क्यों बहुत दु:खी होने लगे?

(उ) देवव्रत ने अपने पिता के दु:ख को कैसे दूर किया?

V. 12. निम्नलिखित की संधि कीजिए। 5x1=5

(अ) हिम + आलय

(आ) मन: + रम

(इ) सु + आगत

(ई) प्रति + एक

(उ) सम् + हार

13. निम्नलिखित शब्दों का सन्धि-विच्छेद कीजिए। 5x1=5

(अ) गणेश

(आ) सज्जन

(इ) निराशा

(ई) नयन

(उ) अभिषेक

VI. 14. निम्नलिखित शब्दों के समास-विग्रह करके नाम बताइए। 5x1=5

(अ) विद्याधन

(आ) भरपेट

(इ) दोपहर

(ई) लंबोदर

(उ) राजा – रानी

VII. 15. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलकर लिखिए। 5x2=10

(अ) राम ने खाना खाया।
(वाच्य बदलिए)

(आ) पेड़ पर चिड़िया बैठी है।
(वचन बदलिए)

(इ) वे तरकारी खरीदे।
(शुद्ध कीजिए)

(ई) मैं अपना कपड़ा धोता हूँ।
(वाक्य को भूतकाल में लिखिए)

(उ) माताजी रोटी बनाती हैं।
(प्रेरणार्थक क्रिया का प्रयोग कीजिए)

VIII. 16. निम्न शब्दों में से किन्हीं दस के हिन्दी पर्याय लिखिए। 10x½=5

(i) Accountant
(ii) File
(iii) Action
(iv) Circular
(v) Promotion
(vi) Appointment
(vii) Reservation
(viii) Department
(ix) Allowance
(x) Cabinet
(xi) Magazine
(xii) Member
(xiii) Secretary
(xiv) Labourer
(xv) University

-o0o-